Amar Ujala

Date: 05.04.15

Page No. 08

S.No.



मुरादनगर के आईटीएस डेंटल कॉलेज में आयोजित दीक्षांत समारोह में डिग्री पाने के लिए अपनी बारी का इंतजार करते स्टूडेंटस ।

# दीक्षांत समारोह में डिग्री पाकर झूमे स्टूडेंट्स

मुरादनगर (ब्यूरो)। आईटीएस डेंटल कॉलेज में शनिवार को दीक्षांत समारोह व एल्यूमिनाई मीट का आयोजन किया गया। दीक्षांत समारोह में बीडीएस और एमडीएस के 138 स्टूडेंट्स को डिग्री प्रदान की गई। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि आईपी यूनिवर्सिटी के पूर्व वाइस चांसलर डॉ. केके अग्रवाल, कॉलेज चेयरमैन डॉ. आरपी चड्ढा व डीजी डॉ. हरि प्रकाश ने किया। डॉ. हरि प्रकाश ने कहा कि भारतीय दंत चिकित्सक देश के अलावा पूरे विश्व में अपनी पहचान बना चुके हैं। स्टूडेंट्स की असली परीक्षा अब शुरू हुई है। जब शिक्षा का उपयोग कर मरीजों का इलाज करेंगे। डॉ. केके अग्रवाल, आईटीएस दी एजूकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ. आरपी चड्ढा ने स्टूडेंट्स को डिग्री प्रदान की। बीडीएस में गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाली छात्रा गोपी गुप्ता को सम्मानित किया। वहीं, धनंजय अरोड़ा, शशीबहल मौर्य, हर्ष राजवंशी को पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि ने बीडीएस की ईयर बुक का उद्घाटन भी किया। इस दौरान डॉ. देवीचरण शेट्टी, राजीव मल्होत्रा मौजूद रहे।

Dainik Jagran

Date: 05.04.15

Page No. IV (G. Bad)

# दीक्षांत समारोह में डिग्रियां पाकर खिले छात्रों के चेहरे

- असालतनगर स्थित आइटीएस कॉलेज में हुआ आयोजन
- बीडीएस के 95 व एमडीएस के 43 छात्रों को मिली डिग्री

संवाद सहयोगी, मुरादनगर : गांव असालतनगर स्थित आइटीएस कॉलेज में शनिवार को दीक्षांत समारोह एवं एलुमनी मीट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान बीडीएस के 95 एवं एमडीएस के 43 छात्रों को डिग्री प्रदान की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज में चेयरमैन आरपी चड्ढा ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख द्वीप प्रज्वलित कर किया।

इस मौके पर आरपी चड्ढा ने कहा कि आधुनिकता के दौर में भी गांव के लोग विभिन्न बीमारियों एवं उनके बचाव से अनभिज्ञ है। ऐसे में चिकित्सकों को देहात क्षेत्र में लोगों को जागरूक कर होने वाली बीमारियों के बारे में अवगत कराना ही मानवता की सबसे बड़ी सेवा है। इस दौरान आइपी यूनिवर्सिटी के पूर्व कुलपति डा. केके अग्रवाल ने चिकित्सक के पेशे से जुड़ी हुई विभिन्न जानकारी छात्रों को दी। केके अग्रवाल ने एमडीएस व बीडीएस के छात्रों को डिग्री प्रदान कर सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की। डिग्री पाकर छात्रों के चेहरे खुशी से खिल उठे। इस दौरान कॉलेज के डायरेक्टर जनरल डा. हरीप्रकाश ने छात्रों को कॉलेज की उपलब्धियां गिनाते हुए अपने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर विनोद सचदेवा, देवीशरण, राजीव मल्हौत्रा, राजबीर सिंह समेत सैकड़ों छात्र छात्राएं शामिल थे। शाम के समय कॉलेज में एलुमनी मीट का आयोजन किया गया। सभी ने डीजे की धुनों पर रंगारंग कार्यक्रम का लुत्फ उठाया।



आइटीएस डेंटल कालेज के दीक्षांत समारोह में छात्रा को डिग्री देते पूर्व वीसी केके अग्रवाल। जागरण

Nav Bharat Times

Date: 05.04.15

Page No. 03 (G.bad)

S.No.

## समारोह आयोजित

■ एनबीटी न्यूज, गाजियाबाद: मेरठ रोड स्थित आईटीएस डेंटल कॉलेज में शनिवार को दीक्षांत समारोह व एल्युमिनी मीट का आयोजन किया गया। दीक्षांत समारोह में बीडीएस व एमडीएस स्टूडेंट्स को डिग्री देकर सम्मानित किया गया।

Hindustan (Hindi)

Date: 05.04.15

Page No. 20

# 139 छात्रों को एमडीएस व बीडीएस की डिग्री मिली

मुरादनगर | हमारे संवाददाता

छात्रों चेहरे पर खुशी हिलोरें मार रही थी। सभी छात्र एक दूसरे से बड़े ही उत्साह से मिल रहे थे। मौका था आईटीएस डेंटल कॉलेज में शनिवार को एमडीएस और बीडीएस छात्रों के दीक्षांत समारोह का। आईपी विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर डॉ. के के अग्रवाल ने एमडीएस और बीडीएस के 139 छात्र-छात्राओं को डिग्री प्रदान की।

मुख्य अतिथि डॉ. केके अग्रवाल ने कहा कि भारतीय दंत चिकित्सा आज भारत में ही नही, बल्कि पूरे विश्व में अपनी पहचान बना चुकी है। उन्होंने डिग्री प्राप्त करने वाले छात्रों को कहा कि अब आपकी असली परीक्षा शुरू होगी, जब अपनी शिक्षा का प्रयोग मरीजों के इलाज के लिए करेंगे।

## दीक्षांत समारोह

- आईपी विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर रहे मुख्य अतिथि
- आरपी चड्ढा ने गोपी गुप्ता को स्वर्ण पदक प्रदान किया

संस्थान के चेयरमैन आरपी चड्ढा ने बताया कि देशभर में तीन सौ से अधिक डेंटल कॉलेज हैं। इसमें भारत सरकार द्वारा रिसर्च ग्रांट करने वाले आईसीएमआर संस्थान ने आईटीएस डेंटल कॉलेज के तीन एमडीएस छात्रों को सीनियर रिचर्स फैलोशिप प्रदान की है। चेयरमैन आरपी चड्ढा ने बीडीएस के छात्र गोपी गुप्ता को स्वर्ण पदक देकर सम्मानित किया।




आईटीएस डेन्टल कॉलेज में शनिवार को आयोजित दीक्षांत समारोह में आकांक्षा को डिग्री देते मुख्य अतिथि डॉ. केके अग्रवाल। • हिन्दुस्तान